हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 24 जून 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

3 बेहतरीन जीवनशैली और दीर्घ आयु की प्राप्ति के लिए योग जरूरी



## खबर संक्षेप

### राशन कार्ड नवीनीकरण आवेदन 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा चुनाव होने के बाद और आचार संहिता खत्म होने के बाद फिर से राशनकार्डों में नवीनीकरण के लिए हितग्राहियों को एक और मौका दिया गया है. हितग्राहियों को नवीनीकरण के लिए लिंक 30 जून तक फिर से खोला गया है. जिन राशनकार्ड धारकों ने अभी तक अपना कार्ड को नवीनीकरण नहीं करवाया है वो स्वयं से मोबाइल एप डाउनलोड करके ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या फिर पीडीएस दुकान में जाकर आवेदन दे सकते हैं। जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू ने बताया की जांजगीर-चांपा जिले में 92.67 प्रतिशत राशनकार्डो नवीनीकरण हो चुका है जिसमें एपीएल, बीपीएल और सभी योजनाओं अंतर्गत प्रचलित राशनकार्ड धारकों की कुल संख्या 3 लाख 23 हजार 189 हैं, इनमें से 2 लाख 99 हजार 487 कार्डधारकों ने राशनकार्ड का नवीनीकरण करा लिया है. वहीं 23 हजार 702 राशनकार्ड धारकों ने कार्ड नवीनीकरण के लिए आवेदन ही नहीं किए है। बताया कि सभी हितग्राही को अपना राशनकार्ड नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। जिसके कारण पुराने राशन कार्ड धारकों को राशन नहीं मिल पाएगा जिससे उन्हें परेशानी हो सकती है. शासन द्वारा शत-प्रतिशत हितग्राही अपना कार्ड नवीनीकरण करा सके इसके लिए नवीनीकरण 30 जून तक बढ़ा दी है.राशनकार्ड के नवीनीकरण करने के लिए आवेदन करने का 30 जून तक है।

### चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण के तृतीय चरण का समापन

**जांजगीर-चांपा।** प्राथमिक शिक्षा की मजबूती के लिए शिक्षको की दिए जा रहे चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण के तृतीय चरण का समापन शनिवार को हुआ । तीन जोन में बांटकर शिक्षको को प्रशिक्षण दिया गया । समापन अवसर पर बीआरसी हीरेन्द्र बेहार ने कहा कि बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान की तार्किक समझ का प्रशिक्षण ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से प्रशिक्षकों द्वारा प्राप्त किया है। जिसमें आप सभी ने अपने अनुभवों की प्रस्तुति के साथ राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2022 की रूपरेखा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संरचना और आवश्यकता के महत्व, भाषा शिक्षण के चार ब्लाक गणित शिक्षण के चार ब्लाक, नवाजतन, जादुई पिटारा, बहु भाषा शिक्षण, बहुस्तरीय कक्षा का व्यवहारिक रूप से अपनी समझ परिपक्व की है। मास्टर ट्रेनर धरमदास मानिकपुरी , दुष्यंत राज ,गुलजार बरेठ एवं निशांत द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण हेतु व्यवस्था राजेश कश्यप ने किया ।

### सहायिका के पद पर भर्ती के लिए 1 जुलाई तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सेवाई एवं बनारी के आंगनबाड़ी केन्द्र सेवई डीहपारा एवं बनारी सबरिया डेरा में सहायिका पद रिक्त होने के फलस्वरूप 18 वर्ष से 44 वर्ष के महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किया गया है। उक्त पद हेतु 8 वीं उत्तीर्ण उक्त ग्राम के किसी भी अभ्यर्थी को आवेदन करना हो तो 18 जून 2024 से 02 जुलाई तक एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर में सीधे जमा किया जा सकता है।

### प्री इंजीनियरिंग, मेडिकल प्रवेश कोचिंग के लिए आवेदन 1 तक

**जांजगीर-चांपा।** वर्ष 2024-25 में राज्य के अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से 1 जुलाई समय सायं 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना से संबंधित आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्तें इत्यादि विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

---

### छोटे सहित बडे वाहन चालकों को आने जाने में होती है काफी परेशानी

# अब तक शुरू नहीं हुआ रेलवे फाटक बंदकर ओवर ब्रिज बनाने का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रदेश के साथ साथ अभिवाजित जिले में के सभी रेल्वे फाटक एवं समपार को बंद करके ओवर ब्रीज बनाया जाना है, ताकि मार्ग पर से होकर आने जाने वाले वाहन चालक सहित अन्य लोगो को किसी तरह की कोई परेशानी ना उठानी पडे। लेकिन इस पर काम तक शुरू नही किया जा सका है। ऐसे में लोगो को फाटक पार कर आवागमन करने में काफी दिक्कते उठानी पड जा रही है।

गौरतलब है कि अभिवाजित जांजगीर चाम्पा एवं सक्ती जिले के अंतर्गत आधा दर्जन से भी अधिक रेल्वे स्टेशन का संचालन किया जा रहा है। जहां से प्रतिदिन हजारो की तादाद में लोग ट्रेन पकडने के लिए आते है। इन रेल्वे स्टेशन के अंतर्गत बडी संख्या में रेल्वे फाटक एवं समपार का संचालन रेल्वे बोर्ड वही भारतीय रेल मंडल के अंतर्गत किया जा रहा है। नियमो के तहत सभी रेल्वे फाटक एवं समपार को बंद करके उसके स्थान पर ओवर ब्रीज का निर्माण कार्य कराया जाना है। ताकि आम लोगो के साथ बडे एवं छोटे वाहन चालको को रेल्वे फाटक खुलने के लिए घंटो इंतजार ना करना पडे। वही ज्यादातर स्थानो पर कार्य शुरू नही हो पाने के चलते लोगो को आवागमन करने में काफी परेशानी उठानी पडती है। जांजगीर चाम्पा जिले के अंतर्गत कोटमीसुनार, अकलतरा, कापन, जांजगीर नैला, चाम्पा, देवरी सारागांव, वही सक्ती जिले के अंतर्गत बाराद्वार, जेठा, एवं सक्ती स्टेशन का संचालन रेल्वे मंडल के द्वारा किया जा रहा है। वही रेल्वे फाटक बंद होने के चलते लोगो के दिक्कते बढ जाति है। उन्हें ट्रेन के निकलने के लिए काफी लंबा इंतजार भी करना पडता है। जांजगीर जिले के जांजगीर नैला रेल्वे फाटक, कापन फाटक, अकलतरा समपार, कोटमीसुनार का फाटक, इसी प्रकार सक्ती जिले में जेठा फाटक, बाराद्वार रेल्वे फाटक सहित अन्य समपार स्थलो पर काफी भीड नजर आती है। वही ओवर ब्रीज नही हो पाने के चलते लोगो को फाटक खुलने का इंतजार भी रहता है।



नैला रेलवे फाटक में लगी वाहनों की कतार।

#### जल्दी निकलने के चक्कर में हो जाता है हादसा

जिन स्थानो पर रेल्वे फाटक एवं समपार का संचालन रेल प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है। वहां पर से गुजरने वाले कई लोग एवं वाहन चालक जल्दी निकलने के चक्कर में बंद फाटक से पार करने की कोशिश करते है। इसी बीच कई बार उनके वाहन बीच में ही फंसकर रह जाते है। ऐसे में लोग हादसो के शिकार भी हो जाते है। साथ ही साथ कईयो की इसमें जान तक चली जाती है।

#### ट्रेनें चल रही घंटो लेट

जांजगीर एवं सक्ती जिला मुंबई हावडा मुख्य रेल मार्ग पर होने के चलते काफी ब्यस्तम रेल मार्ग है। इस मार्ग से होकर प्रतिदिन सैकडो की तादाद में सुपर फास्ट, एक्सप्रेस, एवं लोकल गाडियो की आवाजाही होती रहती है, लेकिन इन दिनो ज्यादातर बडी एवं छोटी गाडियां घंटो विलंब से चल रही है। जिसके चलते रेल यात्रियो को काफी परेशानियो का सामना भी करना पड जा रहा है। जिम्मेदार रेल प्रबंधन इस पर ध्यान तक नही दे रहा है।

#### किया जा चुका सर्वे

सभी रेल्वे फाटक एवं समपार पर ओवर ब्रीज बनाया जाना है। इसके लिए सर्वे किया जा चुका है। जल्द ही इस पर काम शुरू होगा। ट्रेनो के लेट लतीफी को लेकर रेल यात्रियो को जानकारी दी जाती है।

-विद्या विनय कुमार, स्टेशन मास्टर, जांजगीर नैला

---

# शिक्षक पात्रता परीक्षा में गणित एवं इतिहास के प्रश्नों ने अभ्यर्थियों को उलझाया

### एग्जाम को लेकर शहर में सुबह से शाम तक रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छतीसगढ व्यवसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा के दौरान गणित एवं इतिहास के प्रश्नो ने अभ्यर्थियो को काफी उलझाया । परीक्षा में शामिल होने के लिए करीब 22 हजार 700 सौ से अधिक अभ्यर्थियो ने आवेदन जमा किए थे। इस बीच एग्जाम को लेकर पुलिस बलो की तैनाती के साथ शहर में काफी चहल पहल देखने को मिली

गौरतलब है कि छतीसगढ ब्यवसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा रविवार 23 जून को शिक्षक पात्रता परीक्षा टेट का आयोजन किया गया। परीक्षा में शामिल होने के लिए करीब 22 हजार 700सौ 85 अभ्यर्थियो ने अपना आवेदन आनलाइन जमा किए थे। पहली पाली की परीक्षा जिनमें प्राथमिक स्कूल के लिए परीक्षा का आयोजन पहली पाली सुबह 9 बजकर 30 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 15 मिनट तक आयोजित किया गया। जिसमे शामिल होने के लिए 9 हजार 515 अभ्यर्थियो ने अपना आवेदन आनलाइन जमा किए थे। इसी प्रकार दुसरी पाली की परीक्षा मिडिल स्कूल के लिए दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 4 बजकर 45 मिनट तक के लिए आयोजित किया गया। जिसमें शामिल होने के लिए 13 हजार 270 अभ्यर्थियो ने आनलाइन आवेदन जमा किए थे। पहली एवं दुसरी पाली की परीक्षा के लिए जांजगीर जिले में कुल 37 परीक्षा केन्द्र भी बनाए गए थे। इधर जब परीक्षा में शामिल होने शिक्षक पात्रता की परीक्षा दिलाने वाले अभ्यर्थी अश्वनी वैष्णव, रजत कुमार यादव, पुष्पेन्द्र साहू, महेश देवांगन, मनोज जायसवाल, ममता देवांगन, दीपा श्रीवास सहित अन्य अभ्यर्थियो ने बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा के दौरान गणित, सामाजिक अध्ययन, बालविकास, हिन्दी, अंग्रेजी सहित अन्य विषयो की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा दिलाकर बाहर निकलने वाले अभ्यर्थीयो का कहना है कि गणित एवं इतिहास के प्रश्नो के चलते काफी परेशानी हुई। इतिहास में प्रमुख रूप से पूछा गया कि भारत में मुगल शासको के शासन काल का सही क्रम क्या है। कक्षा में विघार्थियो को अक्षांश एवं देशांतर रेखाओ को समझाने के लिए कौन सी सहायक सामाग्री सबसे उपयुक्त है। इसी प्रकार गणित में पूछा गया कि रमेश एवं सरेश की आयु का अनुपात एक निश्चित वर्ष के बाद उनका औसतन अनुपात 5 एवं 6 अनुपात है, उसके हिसाब से दोनो की सही उम्र क्या हो सकती है। इधर परीक्षा समाप्त होने के बाद जिला मुख्यालय जांजगीर के सडको पर काफी भीड देखी गई।





परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी।

#### पीपीटी परीक्षा भी आयोजित

एक ओर जहां जिला मुख्यालय जांजगीर में शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन रविवार 23 जून को किया गया। वही दुसरी ओर रविवार को ही शहर में पीपीटी परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा को लेकर शहर में 6 केन्द्र बनाए गए थे। वही इसमें शामिल होने के लिए करीब 2 हजार 87 अभ्यर्थियो ने अपना आवेदन आनलाइन जमा किए थे। परीक्षा समाप्त होने के बाद एक अभ्यर्थी दुसरे से परीक्षा के दौरान पेपर कैसे बना इसे लेकर बातचीत भी करते देखे गए।

---

## विरोध प्रदर्शन...



**जांजगीर-चांपा।** आरंग में हुए मॉब लीचिंग के विरोध में मुस्लिम जमात द्वारा रविवार 23 जून को जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक में धरना प्रदर्शन किया गया। जिला मुस्लिम कौमी एकता मंच के द्वारा किए गए प्रदर्शन में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। फोटो : हरिभूमि

---

# फावड़े से वारकर पत्नी की हत्या, आरोपी पति ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

घरेलु विवाद पर तैश में आकर पति ने पत्नी की फावड़े से वार कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम चिखली का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चिखली निवासी चंद्रशेखर भारद्वाज का अपनी पत्नी संतराबाई के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर चंद्रशेखर फावड़ा लेकर पहुंच गया और अपनी पत्नी पर ताबडतोड़ हमला कर दिया। फावड़े के वार से संतराबाई की मौके पर ही मौत हो गई। घबराया चंद्रशेखर सीधे मालखरौदा थाना पहुंच गया। पुलिस को सारे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए उसने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने आरोपी चंद्रशेखर को अपनी पत्नी संतरा बाई के हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर लिया है।

#### पुरानी रंजिश पर युवक ने अपने दोस्त को उतारा मौत के घाट

पुरानी रंजिश पर एक युवक ने अपने ही साथी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र के अचरितपाली का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अचरितपाली में एक युवक की लाश मिली। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मृतक युवक की शिनाख्त कुरदा निवासी सौकी लाल जांगड़े के रूप में की गई। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने कुछ ही देर बाद आरोपी अमरजीत बंजारे को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल अमरजीत बंजारे और सौकी लाल आपस में दोस्त थे। दोनों रविवार की सुबह एक साथ निकले थे। अमरजीत बंजारे अपने दोस्त सौकी लाल से पुरानी बात को लेकर रंजिश रखता था। दोनों के बीच अचरितपाली में विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर अमरजीत ने सौकी लाल का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।



मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़।

---

# करंट की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत, बीच बचाव करने वाला भी झुलसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**खास बात**
- चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम हथनेवरा की घटना

करंट की चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। वहीं उसे बचाने पहुंचा एक अन्य ग्रामीण बुरी तरह से झुलस गया। घटना चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम हथनेवरा की है।





इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार 23 जून की सुबह की है। ग्राम हथनेवरा के भाठापारा निवासी विजयचंद श्रीवास पिता जन्मेजय श्रीवास उम्र 28 वर्ष सुबह अपने घर का छत रिपेरिंग करने के लिए चढा था। अचानक छत के टीन मे करंट आ गया और विजयचंद करंट की चपेट में आ गया। फिर आवाज देने पर पडोस का गेंदराम साहु बीच बचाव करने आया। जैसे ही उसने लोहे के सीढ़ी पर हाथ रखा तो वह भी करंट से चिपक गया। फिर दोनो जमीन पर गिर पडे। घरवालों ने आनन फानन में दोनों को बीडीएम हास्पिटल पहुंचाया। अस्पताल में परीक्षण करने के उपरांत डॉक्टरों ने विजयचंद को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं बुरी तरह से झुलसे गेंदराम साहू का बिसाहूदास महंत अस्पताल चांपा में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में जुट गई है।

---

# शांति नगर बना डंपिंग यार्ड, लोग हो रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शांति नगर अघोषित रूप से कचरा डंपिंग यार्ड बनकर रह गया है। शहर का कचरा हो या फिर मरे हुए जानवर, सब यहीं फेंके जा रहे हैं। जब कचरा बढ़ता है तो नगर पालिका के कर्मचारी उसमें आग लगा देते हैं. जिसके चलते बदबू और धुएं से लोग परेशान हैं. खास बात यह है कि क्षेत्र में बच्चों के खेलने के लिए कोई मैदान नहीं है, लेकिन जब कोई बड़ा नेता आता है, तो इसे साफ जरूर कर दिया जाता है।

मोहल्लेवासियों ने बताया की शहर के बड़े होटलों, घर से निकलने वाले कचरे को नगर पालिका के कर्मचारी लेकर आते हैं, फिर उसे इसी मैदान में डंप कर दिया जाता है। कचरे से निकलने वाली बदबू से बीमारी भी हो रही है। इसके अलावा संक्रमण फैलने का भी खतरा है. वहीं बच्चो के खेलने के लिए मैदान भी नहीं है। शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध होने के बावजूद कचरा बढ़ता जा रहा है. लोगों के घरों से आज भी प्लास्टिक से बने सामान निकल रहे हैं। बड़ी मात्रा में यार्ड में हर दिन प्लास्टिक के कप, प्लेट, गिलास, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे जैसी कटलेरी आइटम, डिब्बे के साथ मेडिकल वेस्ट भी वहां डंप किए जा रहे है।

---

### मंदिर परिसर में प्रतिमा के साथ तोडफोड़ को लेकर लिया गया निर्णय

# दल्हा पहाड़ आने जाने वालों का नाम रजिस्टर में किया जाएगा संधारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा स्थित पर्यटन स्थल दल्हा पहाड़ में आने जाने वालों का नाम अब रजिस्टर में संधारित किया जाएगा। इस तरह का निर्णय मंदिर परिसर में तोड़फोड़ की हुई घटना को लेकर लिया गया है। साथ ही सीसी टीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

गौरतलब है कि दलहा पहाड़ की चोटी पर बजरंग दल के द्वारा स्थापित बजरंगबली की प्रतिमा एवं शिवलिंग सहित धार्मिक स्थल पर 18 जून को असामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ की घटना से आक्रोशित क्षेत्र वासियों द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 19 जून को थाने का घेराव कर दिया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन के द्वारा एसडीएम कार्यालय के सभा कक्ष में क्षेत्र वासियों की बैठक आयोजित कर को समझाइश दी गई थी। घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए रविवार 23 जून को फिर से दलहा पहाड़ स्थित केराचूआं के मुनि आश्रम में एसडीएम विक्रांत अंचल, तहसीलदार प्रियंका बंजारा, नायब तहसीलदार शालिनी तिवारी ,थाना प्रभारी दिनेश यादव की उपस्थिति में क्षेत्र वासियों की बैठक आयोजित की गई। क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए एसडीएम विक्रांत अंचल ने कहा कि घटना के दोषियों को जल्द पकड़कर कड़ी कार्रवाई करने के साथ-साथ घटना की पुनरावृति को रोकना हमारी प्राथमिकता में है। उन्होंने थाना प्रभारी दिनेश यादव को मुनि आश्रम में सीसीटीवी कैमरा लगाकर मुनि आश्रम आने वाले एवं दलहा पहाड़ चढ़ने वाले लोगों का नाम रजिस्टर में संधारित किए जाने निर्देशित किया। थाना प्रभारी दिनेश यादव के द्वारा क्षेत्र वासियों को आस्वस्त किया कि जल्द ही दोषियों को पकड़ लिया जाएगा। हिंदू समाज की ओर से डबरा मठ कोटमीसोनार के महंत सर्वेश्वर दास, नरेंद्र साहू, मनोज मिश्रा,सत्तू साहू ,रोहित सारथी, पुरषोत्तम नामदेव, सुबोध थवाईत ,राकेश शर्मा, ईश्वर साहू ,छोटू कश्यप दीपक पटेल एवं अन्य लोगों के द्वारा घटना के आरोपियों को जल्द पकड़ कर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि दोषियों को पुलिस एवं प्रशासन द्वारा शीघ्र नहीं पकड़ा जाता है तो सर्व हिंदू समाज के द्वारा आंदोलन किया जाएगा। बैठक में सुंदरलाल पटेल पद पड़रिया उप सरपंच रवि निर्मलकर शांतिलाल साहू बलराम सिंह सिकरवार मनीष श्रीवास, लकी श्रीवास, वन विभाग के बीट गार्ड मुकेश पटेल, भागवत पटेलएवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



बैठक में शामिल अफसर एवं ग्रामीण।

---

# यातायात नियम तोड़ने वाले 109 चालकों से वसूले 42 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यातायात नियम तोड़ने वाले 109 वाहन चालकों से 42 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। वहीं चालकों को समझाईश दी गई है।

ज्ञात हो कि जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस जांजगीर द्वारा यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 22 जून को विशेष अभियान चलाया गया जिसमें मोटर सायकल में तीन सवारी, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, वाहन में रिफलेक्टर ग्लास नही होना, बिना हेलमेट के वाहन चलाना, बिना लायसेंस के वाहन चलाना एवं अन्य मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत जिले में कुल 109 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 42 हजार रुपए का समन शुल्क लिया गया। जिला पुलिस जांजगीर द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन नही चलाने एवं वाहन में प्रेशर हार्न नही लगाने तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइस दी जा रही है।



कार्रवाई करते यातायात के जवान।

## खबर संक्षेप



### कोतवाली थाना व कॉलोनी का जीर्णोद्धार हेतु उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** जर्जर हो चुके सिटी कोतवाली का निर्माण व विकास कराए जाने संबंधी वार्ड क्र. 11 नई बस्ती के पार्षद दिनेश सोनी ने 21 जून योग दिवस पर कोरबा प्रवास पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंपा गया। दिनेश सोनी ने उपमुख्यमंत्री श्री साव को बताया कि वार्ड-11 में वर्षों पुराना सिटी कोतवाली कार्यालय व कालोनी स्थित है। आवासीय कालोनी काफी जर्जर हो चुकी है और उक्त अनुपयोगी हो चुके कालोनी में बुनियादी सुविधाओं का अभाव होने पर भी अधिकारी व कर्मचारी मजबूरी में निवास कर रहे हैं। श्री सोनी ने प्रभारी मंत्री से आग्रह किया कि अनुपयोगी हो चुके कालोनी को अवलोकन, निरीक्षण कर पुनः निर्माण एवं विकास कराए जाने हेतु उचित पहल की जाए। सिटी कोतवाली परिसर में काफी विशाल भूमि स्थित है जिसका वर्तमान विकास के दौर में सदुपयोग किया जाना आवश्यक है। यहां बेहतर कालोनी और अन्य विकास कार्य कराये जाने के साथ-साथ संसाधनों का सुदृढ़ीकरण कराने की आवश्यकता बनी हुई है।

### निःशुल्क संचालित कैंसर वैन की मिलेगी सुविधा




**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया की अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की एक बड़ी सेवा निःशुल्क कैंसर परीक्षण बस का आगमन कर शहर में 24 जून को हो रहा है। राज्य में इसका शुभारंभ दर्री जमनीपाली शाखा से हो रहा है। दर्री जमनीपाली में यह शिविर 24 जून को अग्रसेन भवन साडा कालोनी में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित है। उसके बाद बस 25 जून को जिले में पहुंचेगी। कोरबा में यह शिविर बुधवारी बायपास रोड विवेकानंद सेवा सदन में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक निःशुल्क सेवा प्रदान करेगी। उसके बाद यह बस चांपा, रायपुर, पिथोरा अन्य शाखाओं में भ्रमण करते हुए ओडिसा प्रवेश करेगी। सभी शिविर में सभी जांच निःशुल्क किए जाएंगे। मनीष अग्रवाल ने क्षेत्र के सभी लोगों से निवेदन किया है कि इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ अवश्य लेंवे।

### तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मेडिकल स्टॉफ ने शुरू किया काम बंद आंदोलन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले जिले के सभी स्वास्थ्य कर्मचारी एवं अधिकारी अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 21 जून से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए हैं। इसकी सूचना कुछ माह पूर्वक अधिकारियों को दे दी गई थी। मांगें पूरी नहीं होने से नाराज जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हैल्थ वैलनेस सेंटर, उप स्वास्थ्य केंद्र सहित जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एकत्र होकर तानसेन चौक में आंदोलन पर डटे हुए हैं। आंदोलन पर बैठे स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बताया कि उनकी तीन सूत्रीय मांग है। प्रमुख मांगों में 8 माह से लंबित कार्य आधारित वेतन का शीघ्र भुगतान, गृह जिले में स्थानांतरण की अनुमति तथा मुख्यालय निवास का दायरा 8 कि.मी. के अंतर्गत किया जाना शामिल है। पवन कुमार वर्मा जिला संयोजक कांकेर की सेवा समाप्ति के आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त की मांग भी उठाई गई। उक्त मांगों के साथ धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। जब तक मांगी पूरी नहीं होगी तब तक अनिश्चित कालीन आंदोलन जारी रहेगा। धरना पर बैठे उमाशंकर धरमा जिला संयोजक सीएचओ, सुष्मिता परीदा कोषाध्यक्ष, तात्या यादव, महेंद्र उईके, आरती जांगड़े एवं सैकड़ो स्वास्थ्य कर्मचारी एवं अधिकारी पर बैठे हुए हैं।

# यातायात सुगम बनाने मुख्य चौक चौराहों पर लगाई गई स्टॉपर जाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

शहर के प्रमुख चौक चौराहा में बाएं और दाएं ओर जाने के लिए आम लोग चौक में ही खड़ी कर देते हैं जिसके कारण बाएं और दाएं जाने वाले लोगों को पीछे ही रुकना पड़ता है। जिसकी वजह से यातायात प्रभावित होती है। अब बाएं और दाएं जाने के लिए लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने पहल की है।

उल्लेखनीय है कि शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने की दिशा पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी लगातार प्रयास कर रहे हैं। जहां शहर के प्रमुख चौक टीपी नगर व सीएसईबी चौक के समीप अक्सर यह देखा जाता था कि चौक पर बांए और दाएं जाने के लिए लोग चौक पर ही गाड़ी खड़ा कर दिया करते थे जिसके चलते बांया और दांया जाने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता था और इससे जाम की स्थिति भी निर्मित हुआ करती थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात सउनि मनोज राठौर उनकी टीम ने रायपुर से 30 नग स्टॉपर जाली की खरीदी की है। अब शहर के प्रमुख चौक चौराहा में बाएं और दाएं जाने के लिए अलग से रूट बनाने की दिशा पर पहल की है। निश्चित तौर पर इन स्थानों पर स्टॉपर जाली लग जाने से यातायात व्यवस्था दुरुस्त होगी। शर्ते आम लोगों को आम लोगों को यातायात नियमों का पालन करना होगा। अक्सर देखा जाता है कि लोग जिन्हें बांए और दांए नहीं जाना होता है वे लोग भी जाली के बाजू में गाड़ी खड़ा कर देते हैं जिसके कारण पीछे से खड़े यात्रियों को उस दिशा में जाने में परेशानी होती है। यातायात पुलिस को फिलहाल इसके लिए लगातार अभियान चलाकर लोगों को जनजागरुकता फैलानी की आवश्यकता है ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुगम हो सके और आने वाले दिनों में रेड लाइट जंप व जाली के समीप दांयी और बांयी ओर बेवजह गाड़ी खड़े करने वाले लोगों पर जुर्माने की कार्यवाही करनी चाहिए। जिससे निश्चित तौर पर शहर की यातायात व्यवस्था और बेहतर हो सकती है।

### यातायात पुलिस को मिला 30 नग स्टॉपर

**खास बातें**
- शहर के टीपीनगर व सीएसईबी चौक में लगाया गया
- यातायात में आएगी कसावट



## बांगो हसदेव नदी में पिछले कई दिनों से किया जा रहा था अवैध उत्खनन

# रेत तस्करों के हौसले बुलंद, चैन माउंटेन लगाकर नदी का सीना कर रहे छलनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश का सीजन शुरू होते ही जिले के सभी रेत घाटों को खनिज विभाग ने बंद कर दिया है बावजूद इसके रेत तस्करों के हौसले बुलंद हैं वे किसी भी नदी नाले को नहीं छोड़ रहे हैं। बकायदा चैन माउंटेन लगाकर नदी को छलनी छलनी करने में लगे हुए हैं। जब ग्रामीणों को इसकी भनक लगी तो ग्रामीणों ने रंगे हाथों चैन माउंटेन को धर दबोचा और खनिज विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची और चैन माउंटेन को जब्त कर थाने में खड़ा कराया।

मामला बांगो थाना क्षेत्र के हसदेव नदी का है। यहां निवास करने वाले अभय गर्ग नामक एक व्यक्ति के चैन माउंटेन के जरिए अशोक दास नामक युवक हसदेव नदी में चैन माउंटेन लगाकर पिछले कुछ दिनों से रात के अंधेरे में रेत की धड़ल्ले से चोरी की जा रही थी। जब ग्रामीणों को इसकी सूचना मिली तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जमकर हंगामा करने लगे ग्रामीणों के हंगामे को देखकर चैन माउंटेन का चालक गाड़ी को मौके पर छोड़कर भाग निकला। जिसके बाद ग्रामीणों ने खनिज विभाग को इसकी सूचना दी, तब खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हसदेव नदी में रेत उत्खनन में लगे चैन माउंटेन को जप्ती की कार्रवाई की गई। उक्त चैन माउंटेन को बांगो थाने के सुपुर्द किया गया है।

**खास बात**
- ग्रामीणों ने देर रात अवैध उत्खनन करते हुए चैन माउंटेन को पकड़कर किया खनिज विभाग के हवाले



नदी में चैन माउंटन मशीन का विरोध करते ग्रामीणों।

### हर इलाके में हो रहा है रेत का अवैध उत्खनन

जिले में 10 जून से रेत की निकासी पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा हुआ है। रेत लोगों को मुहैया हो सके इसके लिए अलग-अलग क्षेत्र में लोगों ने रेत भंडारण के लिए अनुमति ले रखी है लेकिन यहां भी घालमेल किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि रात के अंधेरे में जिले के अलग-अलग क्षेत्र में स्थित नदी नालों से धड़ल्ले से रेत की चोरी की जा रही है। हालांकि खनिज विभाग द्वारा ऐसे रेत तस्करों पर कार्यवाही भी की जा रही है लेकिन व्यापक पैमाने पर तस्करों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बुलंद हैं।

### जुर्माना नहीं बल्कि एफआईआर दर्ज होनी चाहिए

जिले में रेत तस्कर खनिज विभाग पर भारी पड़ रहे हैं। खनिज विभाग के अधिकारी करें तो क्या करें निश्चित तौर पर ऐसे तस्करों को सबक सिखाने के लिए सीधे उनपर एफआईआर दर्ज होना चाहिए। साथ ही मौके पर जप्त किए गए चैन माउंटेन या ट्रैक्टर या अन्य वाहनों को न्यायालय में पेश कर राजसात किए जाने की कार्यवाही की जानी चाहिए। जब तक सख्ती से कार्रवाई नहीं होगी रेत तस्कर जुर्माना देकर फिर से रेत चोरी करते रहेंगे और शासन को चूना लगाते रहेंगे।

### की गई है कार्रवाई

बांगो हसदेव नदी में चैन माउंटेन से रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। सूचना मिलने पर खनिज विभाग की टीम ने मौके से चैन माउंटेन को जब्त कर बांगो पुलिस सुपुर्द किया है। मामले में चैन माउंटेन के मालिक अभय गर्ग के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

-**प्रमोद कुमार,** खनिज अधिकारी उपसंचालक

# कुआंभट्ठा बस्ती से निजी जमीन में काबिज लोगों को हटाने की कार्रवाई पर स्टे


पूर्व राजस्व मंत्री से चर्चा करते बस्तीवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के कुआंभट्ठा बस्ती में निजी जमीन में काबिज 40 लोगों को हटाने की कार्यवाही करने पहुंचे तहसीलदार की कार्यवाही पर हाईकोर्ट से बस्तीवासियों को स्टे मिलने की जानकारी सामने आई है। दो दिन पूर्व ही राजस्व अमला बेदखली की कार्यवाही करने कुआंभट्ठा बस्ती पहुंचा था। जिसका बस्तीवासियों ने पार्षद के नेतृत्व में प्रशासनिक कार्यवाही का विरोध किया था।

इस पूरे मामले के अनुसार कुआभट्ठा बस्ती में खसरा नंबर 188क में पिछले लंबे समय से कुछ लोग काबिज हैं, जिसमें काबिज लोगों को वर्ष 2002-03 में मुख्यमंत्री अजीत जोगी के समय पट्टा मिला था और उसके बाद पिछली सरकार के समय भी काबिज लोगों को पट्टा देने की कार्यवाही हुई। बीते गुरूवार को अचानक कोरबा तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व अमला काबिजल लोगों को हटाने की कार्यवाही करने पहुंचा। जिसका पार्षद शैलेंन्द्र सिंह पप्पी और बस्तीवासियों ने जमकर विरोध किया। पार्षद शैलेन्द्र सिंह ने अपने स्तर पर प्रशासनिक कार्यवाही की जानकारी ली तो यह बात सामने आई कि हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासनिक अमला कब्जा हटाने की कार्यवाही करने पहुंचा था, किंतु काफी होहल्ला और जोरदार विरोध होने के कारण हटाने की कार्यवाही नहीं हो सकी ।

### हाईकोर्ट से स्टे मिला है

कुआभट्ठा बस्ती में 40 लोगों को हटाने की कार्यवही प्रशासन द्वारा की जा रही थी, जिसके विरोध में बस्ती के लोगों द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर प्रशासनिक कार्यवाही के विरोध में स्थगन आदेश मिल गया है।

-**शैलेन्द्र सिंह,** पार्षद कुआभट्ठा

# जनता के विश्वास पर खरा उतरने का रहेगा पूरा प्रयासः महंत


नेता प्रतिपक्ष व सांसद का महामाला से स्वागत करते कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरी

विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डां चरणदास महंत व सासंद श्रीमती ज्योत्सना महंत लोकसभा चुनाव के बाद जनता का आभार जताने नगर पंचायत छुरीकला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनता का आभार व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष व सांसद ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने एक बार महंत परिवार पर विश्वास जताया है, आपकी उम्मीदें खाली नहीं जाएगी। जनता के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसुमदाय व कांग्रेस नेता राजकुमार अग्रवाल एवं हीरालाल यादव सहित कार्यकताओं ने नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत व सासंद श्रीमती ज्योत्सना महंत का स्वागत किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों द्वारा सांसद को नगर पंचायत की समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसपर सांसद श्रीमती महंत ने उचित निराकरण का आश्वासन दिया है। सांसद श्रीमती महंत ने कहा है कि महंत परिवार सदैव आपके साथ है और छुरी नगर के विकास पर कोई कमी नहीं होगी। इस दौरान यादव आदर्श सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ पीएल यादव महामाला से स्वागत करते हुए श्री राधाकृष्ण की मूर्ति भेंट की। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, विनोद अग्रवाल कोषाध्यक्ष गामीण, हीरालाल यादव, माया अग्रवाल, मधु अग्रनाल, राजकुमार अग्रवाल, मुन्ना पाठक, रामेश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, कमल अग्रवाल, बालकृष्ण नेताम, बलभद्र साहू, सुरेश साहू, सुरेश प्रधान सहित अन्य उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में पिता की मौत दो मासूम घायल

**कोरबा।** अपने दो मासूम बच्चों को बाइक में सवार होकर स्कूल से घार लौट रहा एक व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई है, जो बच्चे घायल हुए हैं उन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामला करतला थाना क्षेत्र के ग्राम कोल्गा का है। यहां रहने वाला राज तिर्की 30 वर्ष पिता बालक राम तिर्की अपने 10 वर्षीय पुत्र अनुप तिर्की व 7 वर्ष पुत्र आलोक तिर्की को स्कूल में भर्ती कराने मोटरसाइकिल से लेकर गया हुआ था। स्कूल बंद होने की वजह से तीनों वापस अपने गृहग्राम कोल्गा लौट रहे थे। रास्ते में सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनके बाईक की भिड़ंत हो गई इस हादसे में राज तिर्की की वहीं घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि अनुप व आलोक घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### सर्पदंश से महिला की मौत

**कोरबा।** एक जहरीले सांप के काटने से एक 27 वर्षीय महिला की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुटेशर नगोई में निवासरत राम कुमारी 27 वर्ष पति राजकुमार अपने घर पर काम कर रही थी कि इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने रामकुमारी के पैर को डस लिया। जैसे ही परिजनों को इसकी जानकारी मिली आनन फानन में राजकुमारी को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

# जांच कमेटी के सदस्यों को जनपद से नहीं मिल रहे दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत किए गए सिलाई मशीन वितरण में हुई गड़बड़ियों के मामले में सीईओ जिला पंचायत द्वारा गठित जांच समिति को प्रकरण से संबंधित दस्तावेज जनपद से नहीं मिल रहे हैं, जिससे जांच शुरू नहीं हो पा रही है।

सिलाई मशीन वितरण के मामले को लेकर जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा ने सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग महाप्रबंधक जिला उद्योग और महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी की तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया था। टीम को मैदानी क्षेत्र का और हितग्राहियों को मिलकर बयान लेकर जांच करने के निर्देश दिए गए थे। आज एक सप्ताह हो चुके हैं, जांच टीम के सदस्यों को सिलाई मशीन वितरण से संबंधित दस्तावेज ही उपलब्ध नहीं होने के कारण जांच शुरू नहीं हो पा रही है, जबकि यह मामला गंभीर है लेकिन दस्तावेज के अभाव में जांच समिति के भी हाथ बधे हुए हैं। जांच अधिकारियों की माने तो उन्हें अभी इसके दस्तावेज उपलब्ध नहीं हुए हैं, जनपद सीईओ से दस्तावेज मांगे गए हैं। दस्तावेज मिलने के बाद जांच की कार्यवाही आगे शुरू की जाएगी। यहां यह बताना जरूरी होगा कि जनपद कोरबा के अंतर्गत चलने वाली शासकीय योजनाओं को लेकर कई अनियमितताएं सामने आ चुकी है किंतु किसी में भी बड़ी कार्यवाही सामने नहीं आई है चाहे मामला प्रधानमंत्री आवास का हो या फिर स्कूल निर्माण का।

**खास बातें**
- मामला सिलाई मशीन वितरण का
- सीईओ जिला पंचायत ने गठित की है कमेटी

## छात्रों ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा में मान बढ़ाया

# दृष्टि बाधित छात्र राज्य में अव्वल, श्रवण बाधित ने भी किया कमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इनरव्हील एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित दिव्य ज्योति स्पेशल स्कूल कोरबा के दृष्टि दिव्यांग व श्रवण दिव्यांग छात्रों ने कमाल कर दिखाया।

दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय छात्रावास कोरबा में निवासरत छात्र चंद्रभान साहू दृष्टि दिव्यांग है, उसने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में 86.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय व छात्रावास का व कोरबा जिले का नाम रोशन किया है। वर्तमान में वह सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुधवारी का छात्र है व छात्रावास में रहता है। उसने सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त किया है जिसमें हिंदी में 100 में 95, अंग्रेजी में 89, संस्कृत में 91, संगीत में 76, विज्ञान में 79, सामाजिक विज्ञान में 88 अंक अर्जित किया है। दिव्य ज्योति छात्रावास की प्रमुख श्रीमती रीता क्षेत्रपाल द्वारा सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।




इसी तरह दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय व छात्रावास के श्रवण दिव्यांग विद्यार्थियों का कक्षा 12वीं में परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रथम स्थान उदयभान श्रीवास ने 68.25 प्रतिशत अंक अर्जित किया। विशेष योग्यता ड्राइंग एंड पेंटिंग में 100 में से 85 अंक, स्टील लाइफ एंड डिजाइन में 86 अंक प्राप्त कर विशेष योग्यता पायी। कुमारी बबीता सिदार ने 65.75 प्रतिशत अंक अर्जित किया है।ड्राइंग एंड पेंटिंग में 100 में 85, स्टील लाइफ एंड डिजाइन में 81 अंक प्राप्त कर विशेष योग्यता पायी। अंकित सोनी ने 61.25% अंक प्राप्त किया, ड्राइंग एवं पेंटिंग में 100 में 80 स्टील लाइफ एंड डिजाइन में 80 अंक प्राप्त कर विशेष योग्यता पायी। निलम आनंद का 61 प्रतिशत रहा। संस्था से जुड़े पारस जैन ने बताया कि शुरू से ही ये विद्यार्थी मेधावी रहे हैं। दिव्य ज्योति इनरव्हील एजुकेशन सोसायटी व छात्रावास विद्यालय का नाम इन्होंने रोशन किया है। समस्त छात्रावास परिवार में इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

TOP IN JANJGIR
Approved By Nsdc Center No.69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग के रोजगोरन्मुखी कोर्स
कोर्स
MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
OT - पोस्ट डिप्लोमा इन OT टेक्नीशियन
DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंस
10वीं एवं 12वीं के छात्र एवं छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर
प्रत्येक कोर्स के लिए 30-30 सीट उपलब्ध विभिन्न
एक वर्षीय कोर्स
अस्पतालों या पैथोलेब में कार्यरत विद्यार्थियों के पत्राचार एवं साप्ताहिक की सुविधा
सशुल्क पाठ्यक्रम
सम्पर्क करें- आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर मो. नं. 8770638375, 8815467282

जाँजगीर मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T. दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त
कोर्स: इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक, फिजियोथैरेपी, वेल्डर, हेल्थ इंस्पेक्टर, स्टेनोग्राफर हिन्दी
योग्यता: 10वीं पास
सुविधाएँ: 1. गर्ल्स हॉस्टल 2. Wifi Campus 3. छात्रवृत्ति सुविधा
संपर्क करें
सांई मंदिर के पास लछनपुर चांपा जांजगीर-चांपा
मो.- 98261-28690, 97533-79677

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, टायमिंग में कमी, शुक्राणु की कमी, निःसंतान आदि
SEX PROBLEM
सभी रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज, मनचाहा पॉवर सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें:-
धनवंतरी आयुर्वेदिक
खोखसा फाटक के पास, ओवरब्रिज के नीचे चांपा रोड जांजगीर
मोबा-8962743509

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास



**अकलतरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला एवं कन्या पूर्व माध्यमिक शाला अकलतरा योग प्रशिक्षक रामभरोस केवट ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य हरीश चौहान, प्रधान पाठक रविंद्र सिंह, अंबिका कंवर प्रेमलता कुर्रे ,धनाराम राय ,गीता सावलानी ,बिमला बघेल, नीलम धीरही, संदीप वर्मा, लक्ष्मीबाई, रामेश्वरी, स्नेहा खैरवार सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### मिडिल स्कूल बसंतपुर में योग शिविर



**बिर्रा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला बसंतपुर में संयुक्त रूप से योगाभ्यास कराकर योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर दामोदर देवांगन , दुकालू बंजारे, मनबोध पटेल, कृष्ण कुमार पटेल,प्रकाश नारायण शशि, महेश्वर डडसेना, लक्ष्मीकांत चंद्रा, राजेश कुमार कुर्रे उपस्थित थे।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय



**बिर्रा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय में संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसमें छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने भाग लिया। योगाभ्यास के दौरान योगाचार्य एफ आर पटेल ने योग से होने वाले फायदे बताते हुए कहा कि योग से ही व्यक्ति निरोग रह सकता है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के प्राचार्य एफ एल साहू ने कहा कि योग केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद है। इसी तरह नवीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि आज के समय में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने के लिए योग सबसे जरुरी उपाय हो चला है। योग एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है जो शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने में मदद करता है। इसी तरह जय भारत इंग्लिश मिडियम स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर बिर्रा में योग शिविर आयोजित हुआ।

### ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल जांजगीर



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के भीमा तालाब किनारे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर योग करने के नियम व सावधानी तथा लाभ से अवगत हुए। शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं सभी प्राणायाम- अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम एवं आसान- तड़ासन, वृक्षासन, तिर्यक तड़ासन, त्रिलोकासन और सूर्यनमस्कार व विभिन्न प्रकार के प्राणायाम आसान के द्वारा लाभान्वित हुए। संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्य श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में बच्चे शामिल हुए।

### स्वर्णकार समाज समिति ने मनाया योग दिवस

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रातः 5 बजे स्वर्णकार समाज समिति के अध्यक्ष संतोष सोनी के निर्देशानुसार स्वर्णकार समाज समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने प्रशिक्षक श्रीमती



कविता कमल सोनी के निर्देशन पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित योग एवं प्राणायाम किया। इस अवसर पर प्रशिक्षिका श्रीमती कविता कमल सोनी ने योग के महत्व एवं शारीरिक स्वास्थ्य एवं विकास पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की एवं योग से होने वाले लाभ के बारे में सभी को समझाया। प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन कम से कम एक घंटा योग प्राणायाम करना चाहिए। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने शरीर की रक्षा एवं स्वच्छता के लिए नियमित रूप से योग और प्राणायाम करेंगे तथा वातावरण और पर्यावरण की शुद्धता के लिए प्रत्येक व्यक्ति आने वाले बारिश के मौसम में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल कर उसे वृक्ष बनने में मदद करेंगे। कार्यक्रम में मीनाक्षी मोहन सोनी, गीता दिनेश सोनी ,राधिका रामकुमार सोनी ,सौम्या सोनी , रमा प्रमेंद्र सोनी, राजा शिवकुमार, मदन मोहन सोनी, अधिवक्ता धनेंद्र सोनी, कृष्ण कुमार सोनी, अधिवक्ता संतोष कुमार सोनी , बालमुकुंद सोनी, योगेन्द्र सोनी उपस्थत थे ।

## योग दिवस पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर किया अभ्यास

# बेहतरीन जीवनशैली और दीर्घ आयु की प्राप्ति के लिए योग जरुरी



योग करते नगरवासी।



योगाभ्यास करते एनसीसी, एनएसएस एवं स्काउट गाइड के छात्र



योग कार्यक्र में शामिल अतिथि एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

क्षेत्र वासियों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर योगासनों का अभ्यास किया गया। नगर पालिका परिषद के द्वारा योगेश सिंह बैस स्मृति भवन में योग भगाये रोग, करें योग रहें निरोग थीम पर आधारित योग शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में योग प्रशिक्षक जयंत सिंह क्षत्रिय प्रधान पाठक और संदीप बैंस के द्वारा योग प्रार्थना व ऊं के उच्चारण से प्रारंभ करते हुए शितिलीकरण, ग्रीवा चालान, कटि चालन, कपाल भांति प्राणायाम, अनुलोम विलोम प्राणायाम,भ्रामरी प्राणायाम, शांभवी मुद्रा सहित भद्रासन, मकरासन ,भुजंगासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यासकिया गया। कार्यक्रम में एसडीएम विक्रांत अंचल, तहसीलदार प्रियंका बंजारा , नायब तहसीलदार सी के साहू, सीएमओ सौरभ तिवारी, उमाकांत भारते ,पार्षद रोहित सारथी, रजनी सत्तू साहू, राजेश्वर पाटले, गोपेश तुलस्यान, अजय शर्मा ,सचिन सिंह,राहुल सिंह ,गरीब नायक ,कुश यादव एवं नगर पालिका परिषद के कर्मचारी शामिल थे। नगर के सिंचाई कॉलोनी रोड स्थित योग केंद्र में योग मित्र मंडल के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें योगाचार्य रमेंद्र सिंह चौहान के सानिध्य में चंद्रशेखर बगड़िया, महेश बनाफर, बालरवि सिंह चौहान, अजय यादव, जयकुमार अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने योगाभ्यास किया। मॉर्निंग वॉक समिति के द्वारा इंदिरा उद्यान में योग शिविर का आयोजन योग प्रशिक्षक हरनारायण साहू के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में जिला पंचायत सदस्य दिलेश्वर साहू, मूलचंद लिखमानिया ,विनोद सिंघानिया, शैलेंद्र सिंह बैस,दीपक सिंघानिया, यज्ञेश सिंह,विकास अग्रवाल, विजय अग्रवाल , विनय केडिया, गोविंद मित्तल, उमेश सिंह चौहान, मनीष सिंह चौहान, राघव बगड़िया, ज्योति अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, कंचन केडिया, योगिता अग्रवाल, अंजना अग्रवाल, आकांक्षा अग्रवाल एवं मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई। लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में योगाभ्यास का आयोजन लायंस क्लब अध्यक्ष गगन सिंघानिया की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव, दीनदयाल अग्रवाल , जुगल किशोर लिखमानिया, नरेश अग्रवाल, राजकुमार सिंह, पीके साहू, ललित कांदा ,अनुग्रह अग्रवाल ,निधि शर्मा एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्रातः भ्रमण समिति आर के ग्राउंड के द्वारा योगाभ्यास का आयोजन नहर तट पर किया गया। कार्यक्रम में रजनीश गुप्ता, अजय गुप्ता, दिलीप सिंह, कैलाश वाधवा,केके गुप्ता ,आलोक अग्रवाल ,दुर्गेश कोटांगले, मनीष कांत अग्रवाल एवं सदस्य शामिल हुए।

### एनएसएस ,एनसीसी एवं स्काउट के छात्रों ने किया योगासनों का अभ्यास

**अकलतरा।** विश्व योग दिवस के अवसर पर राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला के राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष महिला इकाई के स्वयंसेवक, एनसीसी के कैडेट ,स्काउट एंड गाइड के छात्र तथा धीरेंद्र कुमार सिंह प्राथमिक शाला के स्टाफ के द्वारा संयुक्त रूप योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष विश्व योग दिवस ₹महिला सशक्तिकरण के लिए योग ₹ थीम पर आयोजित किया गया, जिसमे योग के विभिन्न आसानो का अभ्यास कराया किया गया। कार्यक्रम में रा.से.यो महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वर्षा यादव एवं पुरुष कार्यक्रम अधिकारी आर. के .पांडे के द्वारा ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन उष्ट्रासन , प्राणायाम और सूर्य नमस्कार के 12 आसन को कराया गया। कार्यक्रम के दौरान शाला के प्राचार्य आर.के. विश्वकर्मा ने योग ब्रेक के विषय मे जानकारी देते हुए कहा की यह एक पांच मिनट का योग प्रोटोकाल है जिसमे प्रणायाम द्वारा कार्य स्थल पर कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी तनाव मुक्त हो कर कार्य कर सकते है। उन्होंने छात्र छात्राओं को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया तथा इसके लाभ के बारे में बताया। कार्यक्रम में एनसीसी प्रभारी मोहम्मद जफरुल्लाह, स्काउट गाइड प्रभारी मधुसूदन कैवर्त, देवकी वैष्णव , धीरेंद्र कुमार सिंह प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक एवं समस्त स्टाफ तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### संस्कार पब्लिक स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**सक्ती।** संस्कार पब्लिक स्कूल अंग्रेजी माध्यम (सीबीएसई मान्यता प्राप्त) में योग दिवस 21 जून को मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शालू पाहवा प्राचार्या, जवाहर लाल नेहरू डिग्री कॉलेज सक्ती, संस्था के प्राचार्य डॉ. हरेंद्र पाल सिंह चौहान, सुश्री सीमा नामदेव सहायक प्रोफेसर जवाहर लाल नेहरू डिग्री कॉलेज सक्ती, कक्षा- नवमी, दसवीं, 11वीं के विद्यार्थी, एवं शिक्षक शिक्षिकाएं व अन्य स्टाफ क्रार्यक्रम मे उपस्थित थे। संस्था के वरिष्ठ शिक्षिका योगिता शर्मा ने अपनी परिचय भाषण में मुख्य अतिथि के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि डॉ. शालू पाहवा 1985 में जे.एल.एन डिग्री कॉलेज सक्ती में प्रोफेसर बनी तथा वर्तमान में वे इसी कॉलेज मे प्राचार्या के पद पर कार्यरत हैं, इसके अलावा 2006 में हरिद्वार के पतंजलि योग केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर योग शिक्षिका के रूप में काम कर रही है। मुख्य अतिथि श्रीमती शालु पाहवा ने कहा कि योग भारतीय दर्शन का आधार है तथा बेहतरीन जीवनशैली और दीर्घ आयु की प्राप्ति के लिए हम सभी को योग करना चाहिए और दूसरों को भी प्रोत्साहित करना चाहिए क्योंकि योग करने से एकाग्रता बढ़ती है और यह क्रिया विद्यार्थीयों के लिए भी बहुउपयोगी है। संस्कार पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. हरेंद्र पाल सिंह चौहान ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय संस्कृति का हिस्सा है तथा स्वस्थ तन-मन के लिए हमें हमेशा योग को रोजमर्रा के जीवन में आत्मसात करना चाहिए। तत्पश्चात, संगीत शिक्षक कोटेश्वर नाथ साहू व शिक्षिका गायत्री शर्मा के द्वारा योग पर आधारित प्रार्थना गीत की प्रस्तुति दी गई। प्रार्थना गीत के बाद योगा विशेषज्ञ के नेतृत्व में वॉर्मअप के साथ योग कार्यक्रम का आगाज़ हुआ और विभिन्न योग आसनों जैसे सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, कपालभाती, अनुलोम – विलोम जैसे आसनों को क्रमशः कराया गया तथा योग के विधि और महत्व की जानकारी छात्रों के साथ साझा किया गया। धन्यवाद ज्ञापित शिक्षक अंशुल तिवारी ने तथा अंत में राष्ट्रगान के साथ ही योग कार्यक्रम का समापन हुआ।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में मनाया गया योग दिवस

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में योग दिवस मनाया गया। योग दिवस के अवसर पर प्राचार्य निखिल मसीह, प्रभारी प्राचार्य



रमाकांत साव एवं आदरणीय हीरेन्द्र बेहार विकासखण्ड बम्हनीडीह बीआरसी विशेष रूप से उपस्थित थे। विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्रों की उपस्थिति में संस्था के शिक्षक रविन्द्र द्विवेदी, राजकुमार तम्बोली, मनोज बघेल के द्वारा सभी उपस्थितों को योग कराया गया। योगाचार्य शिक्षकों के द्वारा प्राणायाम, अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, भुजंगासन, मंडुकासन,मकरासन,सिद्धासन पदमासन, व्रजासन, सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न प्रकार के योगों का अभ्यास कराया गया। ऊं मंत्र का अभ्यास कराकर योग कार्यक्रम का समापन किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संस्था के प्राचार्य निखिल मसीह ने अपने संबोधन में कहा कि योग भगाएं रोग यह निश्चित बात है कि अगर हम नियमित रूप से योग व्यायाम को अपने जीवन में अपनाएंगे तो धीरे-धीरे हमारे शरीर से रोग दूर हो जाएगा और हम स्वस्थ महसूस करेंगे हमें नियमित योग करना चाहिए।

### भाजपा बाराद्वार मंडल ने किया योगाभ्यास

**बाराद्वार।** विश्व योग दिवस पर नगर पंचायत बाराद्वार में भाजपा बाराद्वार मंडल एवं नगर पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में वृहद योगाभ्यास का आयोजन किया



गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रकाश साहू, अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेशमा सूर्यवंशी, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी, नेता प्रतिपक्ष दीपक ठाकुर एवं संतोष राठौर मंडल अध्यक्ष सहित सैकड़ों की संख्या में लोग कार्यक्रम में सहभागी बने। योग गुरु जितेन्द्र शर्मा के द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। योगाभ्यास के दौरान हर योग का महत्व तथा लाभ जितेन्द्र शर्मा द्वारा बताया गया। आभार प्रकाश साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्षद नारायण कुर्रे,अजय सिंह राजपूत,पंकज सांवड़िया,ओम प्रकाश कुर्रे सहित गोपाल जोशी,अरूण शर्मा, जयप्रकाश साहू,जगेश राय,आयुष शर्मा, कृष्णा साहू,सीएमओ लक्ष्मण देहारी, संतोष साहू, शशांक सिंह,नरेश साहू, दीपक साहू सहित नगरवासी तथा नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित थे।

### योग करने से स्वस्थ रहता है तन मन

**बिर्रा।** शासकीय प्राथ.एवं पूर्व माध्यमिक शाला सिलादेही में सयुक्त रूप सें 10वां योग दिवस मनाया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम में बच्चे युवा व प्रबुद्धजन उत्साह



से भाग लिया। योगाभ्यास के दौरान वजासन बध्द पद्मासन, भद्रासन, हलासन, स्वस्तिकासन सहित सभी प्रकार के योग का योगाभ्यास किया गया। प्रधानपाठक लक्ष्मी प्रसाद देवांगन ने बताया कि योग का अभिप्राय जोड़ना है, हम योगासन के जरिए अपने मन और तन दोनों को जोड़ते है। शाला समिति अध्यक्ष संजू साहू ने कहा कि योग करने से आपका मानसिक और शारीरीक स्वास्थ्य ठीक रहता है। रोजाना योग करना आपका कई बिमारियों से भी लड़ने में मदद करता है। वही शिक्षक सुरेश कर्ष ने कहा कि योगा करने से तन मन स्वस्थ रहता है, जो व्यक्ति नियमित योग करता है, उसके अंदर चुस्ती फुर्ती रहता है। इस अवसर पर प्रधानपाठक प्रितम खुटे,फिरत राम केवट, मुकुंद राम कश्यप, रीतेश कुमार कश्यप, सम्मेलाल जावेद, सुरेश कर्ष,.गोपी तिवारी, रामेश्वर पटेल, रामकृष्ण डडसेना एवं पालक, ग्रामीण उपस्थित थे ।

### योग दिवस के अवसर पर 11वीं वाहिनी पुटपुरा के जवानों ने किया योगाभ्यास



**जांजगीर।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 11वीं वाहिनी छसवल पुटपुरा में सेनानी राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वाहिनी में उपलब्ध सहा. सेनानी (एड्ज्यूटेण्ट) ए.पी.एस. टोप्पो, सहा. सेनानी मनोज राजपूत, क्वार्टर मास्टर (सी.सी.) रणजीत तिग्गा, सूबेदार मेजर (पी.सी.) अनूप सिंह, पीसी दिनेश सिंह, एस.आई. (एम.टी.ओ.) मनोहर राम, स्टेनोग्राफर प्यारेलाल सूर्यवंशी तथा समस्त अधिकारी/कर्मचारी योग कार्यक्रम में सम्मलित होकर आयोजन को सफल बनाया। साथ ही सभी जवानों ने शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए सततः योग करने का संकल्प लिया ।

### बीडीएम स्कूल सारागांव में विद्यार्थियों को बताए गए योग के विभिन्न आसान



**देवरी - सारागाव।** बीडीएम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारागांव में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य और सभी शिक्षकों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में योग प्राणायाम तथा विभिन्न आसनों को सभी विद्यार्थियों के बीच में बताया गया। योग का संचालन डीपी देवांगन व्याख्याता के द्वारा किया गया। साथ ही विद्यालय में सभी शिक्षक संस्था प्रमुख अरुण कुमार तिवारी, पंचराम साहू प्रधान पाठक, रूपनारायण राठौर, शिशुपाल यादव और स्वामी आत्मानंद की सभी शिक्षक उपस्थित रहे। इस शुभ अवसर पर संस्था प्राचार्य के द्वारा बताया गया की योग भगाए रोग हम नियमित योग करेंगे तो हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा और हमें किसी प्रकार की कोई बीमारी नहीं होगी सभी शिक्षकों ने और छात्रों ने बहुत ही सुंदर ढंग से योग किया । आभार प्रदर्शन पंचराम राम साहू प्रधान पाठक के द्वारा किया गया।

### डी.पी.एस में मनाया गया योग दिवस

**चांपा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय की प्राचार्य



श्रीमती कल्पना सिंह थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्व. रामगोपाल देवांगन की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन, पुष्प अर्पण एवं प्रार्थना के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण शिक्षक लोकेश गाबा ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्रीमती कल्पना सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "योग हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को सही रखता है, बल्कि हमें मानसिक शांति और संतुलन भी प्रदान करता है। आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में योग एक संजीवनी बूटी के समान है। इसलिए हमें अपने दिनचर्या में योग को आवश्यक रूप से शामिल करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि नियमित योग अभ्यास से ना केवल शारीरिक बल मिलता है अपितु हमें मानसिक और आध्यात्मिक सशक्तिकरण भी होता है। अन्त में उन्होने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में योग संचालक शिक्षक दीपक बर्थवाल, प्रिंस राय, अनंत चौहान एवं प्रिंस राज के मार्गदर्शन में छात्रों सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विभिन्न योगासन जिसमें पद्मासन, वज्रासन, शशांकासन, गोमुखासन, ताड़ासन, हस्तोत्तानासन, अर्धचक्रासन, वृक्षासन, भ्रामरी-प्राणायाम, भस्त्रिका-प्राणायाम, अनुलोम-विलोम एवं ध्यान जैसे महत्वपूर्ण आसनों का अभ्यास किया गया। योग शिक्षक ने इन आसनों के लाभों के बारे में बताया। साथ ही साथ उन्हें उक्त योगासन सही तरीके से करने की विधि भी सिखाई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका स्नेहिल चौहान एवं धन्यवाद ज्ञापन दिनेश यादव ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ किया गया।

## अमृत सरोवर स्थलों पर सामूहिक रूप से किया योग का अभ्यास

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सीखा आसन, प्राणायाम, ध्यान की क्रियाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर महात्मा गांधी नरेगा से बनाए गए अमृत सरोवर (तालाब) स्थलों, ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन एवं ऐतिहासिक, पर्यटन स्थलों पर जनप्रतिनिधियों से लेकर बच्चे, बड़े, बुजुर्ग, महिलाओं ने योग के आसन, प्राणायाम करते हुए योग की क्रियांए सीखी और अपने जीवन में योग को शामिल करने का संकल्प भी लिया।



अमृत सरोवर स्थल पर योग करते लोग।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने बताया कि जिले के सभी अमृत सरोवरों के तट, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतों में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले विश्व योग दिवस के आयोजन में स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों के साथ शासकीय अधिकारी कर्मचारियों के साथ मनरेगा के पंजीकृत श्रमिक अमृत सरोवरों के तट पर योग के सामान्य आसन, प्राणायाम और ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। अमृत सरोवर किनारे योग करने से प्रकृति से सीधे जुड़ाव होता है, योग को गांव-गांव तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग स्वास्थ्य की ओर ध्यान नहीं दे पाते हैं, ऐसे में योग ही है जो जीवन को संतुलित रखने में मददगार है। इस दौरान योग दिवस के फोटोग्राफस एवं वीडियोग्राफस को भुवन योगा एप में अपलोड करने तथा आमजन एवं हितग्राहियों को एप का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश ग्राम पंचायत ससहा मेला स्थल में आयोजित योग दिवस के मौके पर कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। उन्होंने इस दौरान कहा कि योग हमारी मानसिक शक्ति को बढ़ाता है, जिससे मन शांत रहता है। इसलिए जरूरी है कि प्रतिदिन कुछ समय निकालकर योग अवश्य करें। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्याणी यादव, जनपद पंचायत सीईओ, सरपंच सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। जनपद पंचायत बलौदा की ग्राम पंचायत करूमहू में आयोजित शिवाना तालाब अमृत सरोवर किनारे वरिष्ठ नागरिकों राम रतन खांडेकर, नंदकिशोर केवट ने मिलकर योग किया।

### जिला एवं सत्र न्यायालय में योग शिविर



**जांजगीर-चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला एवं सत्र न्यायालय जांजगीर में योग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्रधान जिला न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत, राजेन्द्र कुमार वर्मा प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, शैलैन्द्र चौहान प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विवेक कुमार तिवारी अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, पल्लवी तिवारी द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अनिल कुमार बारा तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विजय अग्रवाल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रियंका अग्रवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर, सीमा कंवर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जांजगीर, अजय केशरवानी अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर एवं जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के समस्त अधिकारी कर्मचारी के साथ ही अधिवक्तागण की उपस्थिति में विजय राठौर अधिवक्ता एवं योग प्रशिक्षक के द्वारा वर्ष 2024 की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस थीम "स्वयं और समाज के लिए योग" पर जानकारी देते हुए योग से होने वाले फायदे व शरीर में परिवर्तन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी उपस्थित लोगों को सूर्य नमस्कार, अलोम-विलोम, सूर्य भेदन, उज्जायी, शीतकारी, भस्त्रिका, भ्रामरी एवं अनेक प्रकार के प्राणायाम आसान कराते हुए सभी योगों से होने वाले फायदे के संबध में जानकारी दिया गया।

## खबर संक्षेप

### सम्मेलन में शामिल होने स्वर्णकार भोपाल रवाना

**चांपा।** अविभाजित मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 23 जून को अविभाजित मध्यप्रदेश के पुराने



कार्यकर्ताओं का एक-दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस महती आयोजन में अपनी सहभागिता देने पूर्व कार्यकर्ता तथा अविभाजित बिलासपुर जिले के चांपा नगर के प्रथम अध्यक्ष तथा छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष रह चुके कार्तिकेश्वर स्वर्णकार शनिवार 22 जून को रेलमार्ग से भोपाल रवाना हुए । उन्हें स्थल तक विदा करने केंद्रीय स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष जयदेव सोनी, मार्गदर्शक अनिल सोनी , रमेश सोनी, रामवल्लभ सोनी , मधुसूदन सोनी, रामेश्वर सोनी सिद्धनाथ सोनी ,भाजपा नेता नरेंद्र ताम्रकार , सुशील मोदी ,किशोर मोदी , राजेश थवाणी, राजकुमार सोनी, अनिल सोनी तथा प्रगतिशील स्वर्ण एवं रजत समिति के सचिव शशिभूषण सोनी ने स्वागत सत्कार और पुष्पाहार पहनाकर विदाई दी। इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत स्काउट गाईड के जिला प्रमुख तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रमों में सदैव अग्रणी रहने के लिए विशेष रुप से आमंत्रित किया गया हैं। इस एक-दिवसीय वृहद आयोजन में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ,भारत-सरकार में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मध्यप्रदेश और अन्यान्य राज्य के मंत्री ,भाजपा नेता तथा बड़ी संख्या में वर्तमान और पूर्व कार्यकर्ता भाग लेगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व अध्यक्ष तथा शासकीय महाविद्यालय चांपा के सहायक प्राध्यापक ( वाणिज्य ) रह चुके शशिभूषण सोनी ने बताया कि सक्रिय तथा ऊर्जावान नेता कार्तिकेश्वर स्वर्णकार अपने छात्र जीवन से ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े समर्पित और सक्रिय नेता हैं । सांस्कृतिक , धार्मिक, राजनैतिक और संघ के दायित्वों को संभालते हुए केंद्रीय स्वर्णकार समाज के संरक्षक के रुप में स्वर्णकार ने अपने व्यक्तित्व का अभिन्न अंग बनाकर कार्य कर रहे हैं ।

### कुंजबिहारी की स्मृति में छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन 26 को

**खरौद।** छग की काशी के नाम से विख्यात धार्मिक नगरी खरौद में 26 जून को वरिष्ठ पत्रकार



कुंजबिहारी साहू की 49वीं जन्म जयंती के अवसर पर उनकी स्मृति में 'छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन' का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम लक्ष्मणेश्वर मंदिर के सामने रात्रि 8 बजे से होगा, जहां जांजगीर-चाम्पा जिले के अलावा बिलासपुर और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के कवि शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन में अरुण तिवारी जांजगीर, शरद यादव 'अक्स' सीपत-बिलासपुर, श्रीमती सोमप्रभा 'नूर' कोटा-बिलासपुर, ज्योति श्रीवास कोटा-बिलासपुर, कौशल दास महंत मौहाडीह-बाराद्वार, बालमुकुंद श्रीवास रतनपुर, अनुभव तिवारी खोखरा-जांजगीर, मोहित साहू मरहीकापा करगीखुर्द और दीपक वैष्णव देवरहा-बिलाईगढ़ अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से पामगढ़ विधायक शेषराज हरबंश, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव, जांजगीर-चाम्पा विधायक व्यास कश्यप, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चन्देल, डॉ. खिलावन साहू, केशव चन्द्रा, इंदु बंजारे, राघवेंद्र प्रताप सिंह, कांति केशरावानी, गगन जयपुरिया, अमर सुल्तानिया, गोपी कुमार सिंह ठाकुर, राजेश अग्रवाल और वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव समेत अन्य अतिथिगण मौजूद रहेंगे।

## निधन

### धनेश्वर प्रसाद राठौर

**चांपा।** नगर के स्टेशन मार्ग स्थित अनुपम प्लाजा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक धनेश्वर प्रसाद राठौर का



शनिवार 22 जून को दोपहर 1.30 बजे निवास पर निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। स्व. राठौर अपने पीछे दो पुत्रों एवं चार पुत्रियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनका अंतिम संस्कार सायं 5.30 बजे हसदेव बेरियर के पास पीआईएल बायपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र नगेन्द्र राठौर ने दी।

### सड़क में जगह-जगह गड्ढे बनने से लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

# पहली ही बारिश में तनौद-भुईगांव पहुंच मार्ग पोखर में हुआ तब्दील



मार्ग में बने गड्ढों से होकर गुजरते वाहन चालक।



सड़क में बना पोखरनुमा गड्ढा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव पहुंच मार्ग इन दिनों पोखर में तब्दील हो गया है। पहली ही बारिश में मार्ग में जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढे में पानी भरने से दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों के साथ क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव की ओर जाने वाली सड़क की स्थिति खस्ताहाल हो गया है। बरसात के दिनों राहगीर कीचड़ और गर्मी के दिनों धुल से परेशान होते है वहीं बारिश के मौसम में अब मार्ग में जगह-जगह बने पोखरनुका गड्ढे से परेशान हो रहे है। देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव 13 किलोमीटर सड़क में जगह-जगह गड्ढे होने से दूरी तय करने में घंटों समय लग रहा है। 13 किलोमीटर सड़क चलने के लायक नहीं बचा है। मानसून के पहले ही बारिश में सड़क पोखर में तब्दील हो गई है। ऐसे में आवागमन करने लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मरम्मत के नाम हर वर्ष लाखों रुपए खर्च कर सड़क का डामरीकरण किया जाता है। नवंबर 23 में मार्ग का डामरीकरण किया गया था। छह महीने में ही सड़क की स्थिति बद् से बद्तर हो चली है। वर्तमान में सड़क से डामर उखड़ने से जगह-जगह पोखरनुमा बड़े बड़े बन गए है। तनौद नवागांव मोड़ से तीन किलोमीटर सड़क में एक से दो फीट गड्ढे हो गए हैं। इससे आवागमन करने लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। बताया जाता है कि नल जल योजना तहत लोगों को पेयजल सुविधा के लिए बिछाई गई पाईप लाईन में जगह-जगह लिकेज होने से सड़कों पर पानी बह रहा है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी लोगों को हो रही समस्या को लेकर उदासीन है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी व ठेकेदार की मिली भगत के चलते निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है। इसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्र की बढ़ती हुई आबादी के अनुरूप सड़कों के दोनों किनारे नालियों का निर्माण नहीं हो रहा है जिससे खोरसी के कुछ घरों का गंदा पानी सड़कों में बह रहा है। सड़क के बीचों बीच पानी का ज़माव होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी जर्जर सड़क मरम्मत को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे है।




कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष एवं अन्य।

## कश्मीर के लिए प्राणों की आहूति देने वाले डा. मुखर्जी को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ ने डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर याद करते हुए उनके दिन को बलिदान दिवस के रूप मे मनाया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गुलाब चंदेल ने कहा कि डाक्टर मुखर्जी जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन सच्चे देशभक्त के रूप मे बिताया वो आजाद भारत के प्रथम बलिदानी थे जिन्होंने कश्मीर को भारत मे मिलाने के लिए अपने प्राणो की आहूति दे दी। जिला महामंत्री पुरूषोत्तम शर्मा ने स्व श्री मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार 70 वर्षो से कश्मीर को भारत मे विलय कराने की लड़ाई को लगातार लड़ते हुए इस सपने को 2019 मे पूरा किया किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जीवन से हम सभी कार्यकर्ताओ को प्रेरणा लेकर अपने जीवन का कण कण देश के परम वैभव को शिखर तक पहुंचाना है। जिला उपाध्यक्ष अमर सुलतानिया ने कहा कि देशभक्त डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि हमारे देश मे दो निशान दो विधान नही चलेंगे और कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है जहा धारा 370 लागू नही होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विवेका गोपाल एवं आभार मंडल अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी ने किया। उक्त कार्यक्रम मे महामंत्री यशवंत साहु उपाध्यक्ष, संतोष अग्रवाल, नंद चौधरी अनुराधा शुक्ला, शेषशंकर तिवारी, अभिमन्यु राठौर, बद्री केशरवानी, सुमित प्रताप सिंह, पंकज अग्रवाल, अमित यादव, मोहन यादव, प्रदीप सोनी, अनिल शर्मा, प्रेमलता कौशिक, डाक्टर धनेशवरी जागृति, सरोज साहू, धर्मेंद्र राणा, मुकेश भोपालपुरिया, उमेश राठौर, पुष्पेन्द्र निर्मलकर, पलाश चंदेल, सुशील सिंह, दिनेश राठौर, सोनु यादव, प्रदीप राठौर, दिव्याश चंदेल, गोलू दुबे, अजय कौशिक सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दरसराम छग कनौजिया कुर्मी समाज के अध्यक्ष बने



**शिवरीनारायण।** कनौजिया कुर्मी समाज शिवरीनारायण के नवीन कार्यकारणी का निर्वाचन विश्रामवट परिसर में हुआ। सर्वसम्मति से अध्यक्ष दरस राम वर्मा को बनाया गया। निर्वाचन कार्यक्रम में कुर्मी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर दरस राम वर्मा का चुनाव किया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार कश्यप व लवकुमार कौशिक, सचिव शैलेन्द्र कुमार कौशिक, कोषाध्यक्ष दशरथ प्रसाद कश्यप, सहसचिव श्यामस्वरूप रायसगर, कार्यकारणी सदस्य सुखीराम वर्मा, खम्हन वर्मा, किरीत राम कश्यप, नकादाउ कश्यप, रामेश्वर कश्यप, सियाराम रायसगर, गुहाराम कश्यप, लव कुमार कश्यप, दीपक कुमार। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दरस वर्मा ने कहा कि जिस आशा व विश्वास के साथ उन्हें इस पद की जिम्मेदारी दी गई है उस पर वे खड़ा उतरने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि वे समाज के सभीको साथ लेकर समाज को एक नई दिशा देना होगा। समाज के हित में सभी के सहयोग से कदम उठाया जाएगा। दरसराम के अध्यक्ष बनने से लोगों में हर्ष व्याप्त है।

## जीवन में बेहतर मुकाम हासिल कर देश की करें सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए उन्हें निमंत्रण भेज कर नगर के प्रकाश कैफे में अतिथि भोज के लिए ससम्मान

- विधायक ने किया प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

आमंत्रित किया। कार्यक्रम में अकलतरा एवं बलौदा के विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी शामिल हुए। अतिथि भोज के बाद सभी विद्यार्थियों को विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा उपहार प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

विधानसभा क्षेत्र में यह पहला अवसर था जब किसी जनप्रतिनिधि ने क्षेत्र में इस तरह का आयोजन किया हो। किसी भी विद्यार्थी के लिए इससे बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि की ओर से उन्हें स्वयं आमंत्रित कर सम्मानित किया जाए। अकलतरा स्थित प्रकाश कैफ में क्षेत्रके विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह के साथ विद्यार्थियो, शिक्षकों एवं अभिभावकों की भी उपस्थित रही। सभी ने मिलकर विधायक के साथ दोपहर भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थन बनाने वाली जागृति



विधायक राघवेन्द्र सिंह के साथ उपस्थित प्रतिभावान विद्यार्थी।

प्रजापति, कक्षा 10वीं में ही 95 प्रतिशत अंको के साथ उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाली सुमन बंजारे , लक्ष्य मिश्राा तथा कक्षा 12वीं की परीक्षा में 91 प्रतिशत अंको के साथ सफलता प्राप्त करने वाले हेमकेश जायसवाल व नीट परीक्षा क्वालिफाई करने वाले विलसन कुर्रे का विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा उपहार प्रदान कर सम्मान किया गया। विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आप लोगों की उपलब्धियों से आपके माता-पिता, आपके शाला परिवार एवं नगर वासियों को गौरवान्वित होने का अवसर प्राप्त हुआ है। निसंदेह आप सभी का उत्कृष्ट प्रदर्शन आपके कठिन परिश्रम का प्रतिफल है। भविष्य में भी इसी प्रदर्शन की पुनरावृत्ति करते हुए जीवन में एक बेहतर मुकाम हासिल करें एवं श्रेष्ठ नागरिक बन देश की सेवा करें। उन्होंने बच्चों से चर्चा करते हुए उनकी भविष्य की योजनाओं के बारे में जाना और आगे किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ने परहर संभव सहयोग करनेकी बात कही। विधायक द्वारा सम्मान एवं स्नेह पूर्ण व्यवहार प्राप्त कर विद्यार्थी अभिभूत हो गए। कार्यक्रम में शिक्षक रवींद्र सिंह बैस, आशीष मिश्रा ,रमेश कुर्रे, प्रतिपाल सिंह, रमेश यादव एवं अभिभावक गण शामिल थे।

## धर्मांतरित लोगों को आरक्षण मुक्त करें सरकार : विश्वकर्मा

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ शिवसेना के द्वारा आठ सूत्रीय मांगों को लेकर राजधानी रायपुर के बुढ़ा तालाब में प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने, गौ तस्करों के खिलाफ 302 के तहत मुकदमा दर्ज करने, धर्मांतरण पर रोक लगाते हुए धर्मांतरित लोगों से आरक्षण मुक्त करने ताकि आरक्षण का लाभ उस वर्ग के लोगों को मिल सकें, देश में सामान नागरिक संहिता लागू करने, देश में नागरिक संसोधन अधिनियम लागू करने, जनसंख्या नियंत्रण हेतु दो से ऊपर बच्चे होने पर सरकारी लाभ न दिया जाने, राज्य में रोहिंग्याओ के घुसपैठ को तत्काल रोका जाने, प्रदेश के धार्मिक स्थलों में लगे ध्वनि यंत्र की मानक क्षमता सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार तय करने की मांगों को लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर रायपुर को ज्ञापन धरना प्रदर्शन पश्चात दिया गया। कार्यक्रम में जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष दिलेश्वर विश्वकर्मा, रामावतार कश्यप, लक्ष्मी नारायण नायक, दीपक यादव, गोपी यादव, छोटे लाल कश्यप, संतोष सारथी मुकेश यादव , अंजू केवट , हेमलता सोनी , दीपा मरावी सहित शिव सैनिक बड़ी संख्या में शामिल थे।



## प्रभारी मंत्री से मिला शिक्षक मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल

**जांजगीर-चांपा।** जिले के प्रभारी मंत्री व वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ओ. पी. चौधरी के जांजगीर आगमन पर शिक्षक मोर्चा प्रतिनिधि मंडल सर्किट हाउस पहुंच कर मंत्री को हरियाली के प्रतीक पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। जिले के शिक्षको से जुड़ी विभिन्न मुद्दों और समस्याओं पर चर्चा कर निराकरण हेतु आवश्यक पहल किए जाने का आग्रह किए।

चर्चा के दौरान उनके जिलापंचायत सीईओ और जिले में कलेक्टर के कार्यकाल में शिक्षको के हित में लिए गए निर्णय पदोन्नति , परामर्श दात्री की बैठक,कैरियर मार्गदर्शन सहित चलाए गए विभिन्न कार्यों पर भी चर्चा की गई। और प्रभारी मंत्री के कार्यकाल में शिक्षकों के समस्या का त्वरित निराकरण करने जिला स्तर के अधिकारियों को निर्देशित करने की बात कही गई।प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोशियेशन सत्येंद्र सिंह,जिलाध्यक्ष शालेय शिक्षक संघ संतोष शुक्ला,जिलाध्यक्ष सयुक्त शिक्षक संघ विकास सिंह,जिला सचिव छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसियेशन बोधीराम साहू सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कबीर प्राकट्य दिवस पर गबेल समाज ने निकाली शोभायात्रा

**सक्ती।** गबेल समाज संगठन सक्ती के द्वारा कबीर प्राकट्य दिवस के अवसर पर शक्ति में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सक्ती शहर में निवासरत सभी गबेल परिवारों के साथ-साथ दूर-दराज ग्रामों विशेष कर मालखरौदा, खरसिया क्षेत्र में रहने वाले समाज के लोग परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत समाज के ईष्ट गुरू कबीर साहेब की पूजा अर्चना के साथ हुई। शाम 6.30 बजे से विशाल शोभा यात्रा की शुरूआत की गई, जिसमें हजारों की संख्या में समाज के महिला एवं पुरुष शामिल हुए । शोभा यात्रा की शुरूआत



सामुदायिक भवन सक्ती से होकर बुधवारी बाजार, हटरी चौक से अग्रसेन चौक होते हुये पुनः सामुदायिक भवन में समाप्त की गई। शोभा यात्रा के उपरांत समाज के 10वीं एवं 12वीं के प्रतिभावान 37 छात्र-छात्राओं का सम्मन मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र दे कर किया गया। तत्पश्चात सभी सामाजिक बंधुओं लिए भोज भण्डारे की व्यवस्था की गई थी। भोजन ग्रहण करने बाद सभी सामाजिक बंधु अपने ग्रामों के लिए प्रस्थान किये। शोभा यात्रा के दौरान बारिश ने खलल डाला परन्तु समाज के लोगों के उत्साह में कोई कमी नजर नहीं आयी और बरसते पानी में शोभा यात्रा के साथ आगे बढ़ते रहे। शोभा यात्रा के स्वागत के लिए अलग–अलग समाज एवं संगठनों के द्वारा तैयारी की गई थी। शोभा यात्रा को शांति पूर्वक संपन्न कराने में स्थानीय प्रशासन ने सहयोग किया।

## शिक्षकों को बताए गए भाषा शिक्षण के बुनियादी घटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

नई शिक्षा नीति के तहत निपुन भारत मिशन के लक्ष्य को 2027 तक पूरा करने हेतु विकासखंड पामगढ में द्वितीय चरण का प्रशिक्षण तीन जोन व्यासनगर,पामगढ और लोहर्सी में

- द्वितीय चरण में व्यासनगर,पामगढ और लोहर्सी में शिक्षकों को दिया गया चार दिवसीय प्रशिक्षण

बॉटकर किया गया। प्रत्येक जोन में 10-12 संकुल के शिक्षक-शिक्षिका शामिल हुए। प्रशिक्षण 19 से 22 जून तक चला।

प्रशिक्षण में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहन कौशिक, खंड समन्वयक दुष्यंत भतृहरी, जिला एफ एन एल प्रभारी भुवनेश्वर जायसवाल और ब्लाक एफ एन एल प्रभारी



प्रशिक्षण में शिक्षकों को जानकारी देते मास्टर ट्रेनर।

प्रीना उरांव द्वारा एनसीएएफ , एफएस 2022, 2027 तक लक्ष्य पूर्ण करने,प्रशिक्षण का पालन ,लगातार समय पर उपस्थित होने ,बच्चों की उपस्थिति आदि पर विशेष जोर देने कहा गया। मास्टर ट्रेनर के रूप में जोन क्रमांक 01 से महेंद्र साहू, अजय मरावी, घनश्याम दिनकर, जोन क्रमांक 02 से चन्द्रमोहन तिवारी ,राकेश लहरे व जोन क्रमांक 03 से प्रदीप कमलेश उमाशंकर मधुकर रहे। प्रशिक्षण में सहयोगी के रूप मे अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, नवनीत वर्मा, मंजू, रिंकेश, सुभाष व रविन्द्र रहे। प्रशिक्षण का प्रारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहन कौशिक और खंड समन्वयक दुष्यंत भतृहरि के उद्बोधन से प्रथम दिवस राजकीय गीत, बालगीत गतिविधि के साथ -साथ नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत निपुन भारत क्या है, एफ एन एल क्या है, एन सी एफ क्या है, एफ एस क्या है भाषा शिक्षण, भाषा शिक्षण के बुनियादी घटक,भाषा शिक्षण के चार ब्लॉक मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग,पठन और लेखन, पाठ्य पुस्तक, अभ्यास पुस्तिका ,शिक्षक संदर्शिका पर कैसे काम करना है सिखाया गया। द्वितीय दिवस प्रतिवेदन के साथ गणित में बुनियादी गणित क्या है, बुनियादी गणित के बिंदु गणित के चार ब्लॉक मौखिक गणित पर बातचीत, कौशल अभ्यास, कौशल शिक्षण खेल-खेल में गणित पर बात किया गया।




